**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों-भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रांतिकारियों का सर्वोच्च बलिदान देश को प्रेरित करता रहेगा।**
- **केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने रोजमर्रा के जीवन में नियमित व्यायाम और साइकिल चलाने पर जोर दिया।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की 'एकमुश्त निपटान' योजना - 2025 का शुभारम्भ किया।**
- **करनाल के घरौंडा स्थित इंडो इज़रायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में 11 वें मेगा सब्जी मेला आज समापन हुआ।**
- **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि कल तक बढ़ाई।**

****************************************************

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों-- भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया।**

***(आज इतने बरसों बाद भी अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान की गाथा देश के बच्चे बच्चे की जुबान पर है। शहीद दिवस पर मैं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सभी वीर वीरांगनाओं को कृतज्ञ राष्ट्र की तरफ से भावांजलि अर्पित करता हूँ।)***

**प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।**

**श्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने डॉ. लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर लोहिया ने अपना जीवन वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।**

**(*राम मनोहर लोहिया पिछली शताब्दी के महान विचारक जिनके चिंतन का प्रभाव आज के हिंदुस्तान की राजनीति पर कहीं ना कहीं नजर आता है 1942 हिंद छोड़ो आंदोलन में अपनी तीव्रता पर पहुंचा और ऐसे समय में राम मनोहर लोहिया देश को बचाने के लिए जेलों में भी सत्याग्रह करके पहुंचते रहे।*)**

*****************************************

**केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने रोजमर्रा के जीवन में नियमित व्यायाम और साइकिल चलाने पर जोर दिया है।**

**उन्होंने आज लखनऊ से फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल अभियान की शुरूआत की। श्री मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से शरीर फिट रहता है और पर्यावरण का संरक्षण भी होता है।**

**(*साईकल पॉल्युशन का सॉल्यूशन भी है। साईकल फिट रहने का मंत्र है। साइकिलिंग से मेंटली और फिजिकली फिटनेस भी बढ़ती है। साइकिलिंग से फ्यूल की बचत होती है और हमारा विदेशी हुडियावरण भी बचता है। इसलिए मैं देश के सभी नागरिक को आह्वान करता हूँ कि हर संडे एक घंटे के लिए साइकिलिंग करें और अपने स्वयं को फिट रखें।*)**

*****************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की 'एकमुश्त निपटान' योजना - 2025 का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों को इस योजना से भरपूर लाभ मिलेगा । योजना से प्रदेश के लाखों दुकानदारों, उद्यमियों, व्यापारियों को राहत मिलेगी उन्होंने कहा कि इसके लिए तीन स्लैब बनाए गए हैं पहले स्लैब में 10 लाख तक दूसरे में 10 लाख से 10 करोड़ व तीसरे स्लैब में 10 करोड़ से ऊपर कर विवाद का एकमुश्त निपटारा होगा। उन्होंने बताया कि पहले स्लैब में 40 दूसरे में 50 प्रतिशत तक मूल माफी व तीसरे स्लैब के करदाताओं की ब्याज तथा जुर्माना माफ होगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में वस्तु एवं सेवा कर संग्रह कार्यालय खोले जाएंगे।कार्यक्रम में आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रमुख सचिव देवेंद्र कल्याण और विभाग के आयुक्त विनय प्रताप सिंह अन्य गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न व्यापारिक संगठन शामिल हुए। इस अवसर पर हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन, हरियाणा व्यापार मंडल व हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व अन्य कई संगठनों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया । कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हरियाणा की पांच सबसे ज्यादा कर देने वाली कंपनियों को सम्मानित किया।

*****************************************

करनाल के घरौंडा स्थित इंडो इज़रायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में 11 वें मेगा सब्जी मेला आज समापन हो गया।

समापन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि जबकि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सब्जी मेले में सब्जियों की आधुनिक तकनीक को देखा और किसानों से बातचीत की। उन्होंने नई तकनीक से सब्जी की खेती करने वाले किसानों को सराहा और अन्य किसानों से भी इस तकनीक को अपनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला सब्जी की आधुनिक तकनीक की जानकारी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। लाखों किसान इस केंद्र के माध्यम से सब्जी की काश्त की नई तकनीक अपना कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

सरकार द्वारा किसानों की मदद के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने फलों और सब्जियां में भावांतर भरपाई योजना को लागू किया हुआ है। इसके तहत 25000 से अधिक किसानों के खाते में 76000 करोड रुपए की राशि भेजी गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्नौर में 2600 करोड़ रुपए की लागत से फल एवं सब्जी मंडी बनाई जा रही है। इसके अलावा पिंजौर में सेब मंडी, गुरुग्राम में फूल मंडी और सोनीपत में मसाला मंडी स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के यमुनानगर, अंबाला और हिसार में तीन उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित करने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने घरौंडा स्थित इंडो इजराइल केंद्र में किसानों के प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र व हॉस्टल का निर्माण करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने 74 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने 'हरियाणा बागवानी' पत्रिका का विमोचन भी किया।

****************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है।

**आवेदक आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर 26 से 28 मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में संशोधन कर सकते हैं।**

**उल्लेखनीय है कि देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर 15 शहरों में कंप्यूटर आधारित संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 08 मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।**

*********************************************

**हरियाणा में आज विभिन्न स्थानों पर शहीद दिवस पर भगत सिंह , राजगुरु और सुखदेव को याद किया गया। अम्बाला छावनी सचिवालय में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शहीद भगत सिंह पर आधारित गीत व हिंदुस्तान जिंदाबाद व इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाकर उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया।भगत सिंह जागृति मंच द्वारा पंचकूला के शहीद भगत सिंह चौक पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल व अन्यों ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।बल्लभगढ़ के शहीद राजा नगर सिंह पार्क स्थित शहीदी स्मारक पर भी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।जींद जिले में भी शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जींद शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई व रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया**

*********************************************